<u>**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 33वीं बैठक सम्पन्न**</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 29.11.2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की 33वीं छमाही बैठक श्री एल.एन. मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महोदय ने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में तन मन से सहयोग करने की सलाह दी। उन्होंने विगत दिनों नई दिल्ली में माननीय गृह राज्य मंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न राजभाषा समीक्षा बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करना प्रत्येक कार्यालय प्रमुख की जिम्मेवारी है,इससे कोई कार्यालय बंचित नहीं रह सकते।

बैठक के प्रारंभ में श्री बी.सी. त्रिपाठी,महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि. संस्थान/ राजभाषा/ मासंवि),एमसीएल/सदस्य सचिव,नराकास,संबलपुर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति,नियमों एवं अधिनियम का अनुपालन लक्ष्य के अनुरूप करने हेतु अनुरोध किया गया । बैठक में जून एवं सितंबर,2017 की दोनों तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की गई एवं राजभाषा कार्यान्वयन में तेजी लाने के उपायों पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले सदस्य कार्यालयों को ***‘नराकास राजभाषा कार्यान्वयन-2016-17’*** का पुरस्कार/शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर ने नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों में चलाए जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर तथा नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण बैठक में उपस्थित हुए।

श्री बी.आर. साहु कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल मुख्यालय द्वारा बैठक का संचालन किया गया। श्री मुक्तेश्वर सोनकुसरे,अनुवादक राजभाषा (प्रशिक्षु), एमसीएल मुख्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किए जाने के साथ ही बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई।